

दैनिक

# जागो वर्ल्ड

www.dainik jago world news .in

सजग,सटीक ,निर्भीक जागृति व सच का प्रतीक



**आज का विचार**

किसी के चेहरे की मुस्कुराहट की वजह ही बनो खुशी ही नहीं सुकून भी मिलेगा।

RNI No. : HPHIN/2015/64797 .शिमला / ऊना ,वर्ष 11 .अंक 126 .कुल पृष्ठ -06 . 20 जनवरी 2026 .मूल्य 5 रुपए

Shimla,Mandi,Kullu.Chamba,Hamirpur,Bilaspur,Kangra,Sirmour,Lahol-spiti,Una,Solan,Kinnour,Delhi,Hariyana,J&K,Punjab


## रूस के खतरनाक प्लान का खुलासा: यूक्रेन पर विनाशकारी हमले की तैयारी, खतरे में परमाणु सुरक्षा

**जागो वर्ल्ड / यूक्रेन**

यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबीहा ने शनिवार को कहा कि रूस यूक्रेन के परमाणु बिजली संयंत्रों को बिजली आपूर्ति करने वाले सबस्टेशनों पर "खतरनाक हमलों" की योजना बना रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि सर्दियों के बीच ऐसे हमले विनाशकारी परिणाम ला सकते हैं। सिबीहा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, "हमारी खुफिया जानकारी के अनुसार रूस उन सबस्टेशनों पर हमला करने की तैयारी कर रहा है जो यूक्रेन के परमाणु संयंत्रों को बिजली देते हैं। ठंड के मौसम में यूक्रेन को बिजली से वंचित करना मॉस्को का जनसंहारक लक्ष्य है, जिसकी कोई सीमा नहीं है।" उन्होंने बताया कि यूक्रेन इस संबंध में अहम खुफिया जानकारियां अपने अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ साझा कर रहा है और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (I A E A) सहित उन वैश्विक शक्तियों से अपील कर रहा है, जो परमाणु सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैं। सिबीहा ने कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया रूस को स्पष्ट चेतावनी दे और उसे ऐसी लापरवाह योजनाओं से पीछे हटने के लिए मजबूर करे। इस चेतावनी के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने भी कहा कि रूस ऊर्जा क्षेत्र और परमाणु संयंत्रों स जुड़े नेटवर्क पर नए हमलों की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि सर्दियों में ऊर्जा ढांचे पर हर रूसी हमला युद्ध समाप्त करने के लिए मित्र देशों, विशेष रूप से अमेरिका, के प्रयासों को कमजोर करता है। ज़ेलेंस्की ने कहा, "यूक्रेन कूटनीति में पूरी तरह रचनात्मक है, जबकि रूस केवल हमलों और आम लोगों को पीड़ा देने पर ध्यान केंद्रित किए हुए है।" रिपोर्टों के अनुसार, हाल के महीनों में रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर हमले तेज कर दिए हैं। दोनों पक्षों द्वारा सैनिकों और सैन्य उपकरणों के नुकसान को लेकर किए गए दावों की स्वतंत्र पुष्टि करना कठिन बताया जा रहा है।

## गाजा पीस बोर्ड में शामिल होने के लिए डोनाल्ड ट्रंप का भारत को न्योता

**जागो वर्ल्ड/ नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाजा के लिए शांति बोर्ड का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया है। व्हाइट हाउस की तरफ से पीएम मोदी को पत्र लिखा गया है और इस पत्र को भारत में अमेरिकी राजदूत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है।

### ट्रंप ने दिया पीएम मोदी को न्योता

ट्रंप ने पत्र में लिखा, 'आपको भारत के प्रधानमंत्री के रूप में मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने और साथ ही वैश्विक संघर्षों को सुलझाने के लिए एक नई और साहसिक पहल में मेरे साथ जुड़ने का हार्दिक आमंत्रण देना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है।' ट्रंप ने आगे कहा कि 29 सितंबर 2025 को मैंने गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक योजना की घोषणा की थी। यह 20-सूत्रीय रोडमैप है, जिसे अरब दुनिया, इजराइल और यूरोप सहित कई देशों के प्रमुख नेताओं ने



स्वीकार किया। इस योजना को आगे बढ़ाते हुए 1 7 नवंबर को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भारी बहुमत से प्रस्ताव 2803 पारित किया, जिसमें इस दृष्टि का स्वागत और समर्थन किया गया।

### वैश्विक शांति की दिशा में सभी देश आएंगे आगे

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हमारा यह प्रयास उन प्रतिष्ठित देशों को एक साथ लाएगा, जो स्थायी शांति स्थापित करने की जिम्मेदारी उठाने को तैयार हैं। यह सम्मान उन्हीं को मिलेगा जो उदाहरण बनकर नेतृत्व करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित व समृद्ध भविष्य में निवेश करने को तैयार हैं। हम जल्द ही अपने सम्मानित और प्रतिबद्ध साझेदारों की बैठक बुलाएंगे, जिनमें से अधिकांश विश्व के प्रतिष्ठित नेता हैं।

### पाकिस्तान सहित इन देशों को भी मिला है न्योता

गाजा पीस डील के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान को न्योता दिया है। वहीं, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी, यूरोपियन कमीशन की प्रेसिडेंट उर्सुला वॉन डेर लेयेन और फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के नेताओं को भी बोर्ड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### क्या है इस पीस डील के मायने?

विदेशी मीडिया में छपी रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप प्रशासन द्वारा लगभग 60 देशों को भेजे गए ट्रंप ने ऐलान किया था कि ब्रिटेन के पूर्व पीएम टोनी ब्लेयर बोर्ड के संस्थापक कार्यकारी सदस्यों में से एक होंगे। ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और मिडिल ईस्ट के लिए अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और वर्ल्ड बैंक ग्रुप के प्रेसिडेंट अजय बंगा भी इस बोर्ड में शामिल होंगे।

## खामेनेई पर हमला मतलब जंग का ऐलान, ईरान का दो टूक संदेश; ट्रंप को खुली चेतावनी

**जागो वर्ल्ड/ ईरान**



मसूद पेज़ेशकियान ने अयातुल्लाह अली खामेनेई पर हमले को ईरानी राष्ट्र के खिलाफ युद्ध बताया. पेज़ेशकियान ने अपने संदेश में कहा कि ईरान किसी भी साजिश या हमले के सामने चुप नहीं बैठेगा और जरूरत पड़ने पर पूरी ताकत से जवाब देगा. ईरान ने सीधे तौर पर डोनाल्ड ट्रंप को चेतावनी दी है. तेहरान में इंटरनेट सेवाएं धीरे-धीरे बहाल हो रही हैं. **तेहरान.** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान ने देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई पर किसी भी हमले को लेकर कड़ी चेतावनी दी है. उन्होंने कहा है कि अगर खामेनेई पर हमला हुआ तो इसे ईरानी राष्ट्र के खिलाफ 'पूर्ण पैमाने का युद्ध' माना जाएगा. पेज़ेशकियान ने यह बयान रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जारी किया. इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए चेतावनी के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि उन्होंने हाल ही में कई बार ईरान के खामेनेई शासन को उखाड़ फेंकने की बात कही है. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पोलिटिको से कहा, 'अब ईरान में नए नेतृत्व की तलाश का समय आ गया है.' इससे पहले ईरान ने कहा कि वे देश में इंटरनेट सेवाओं को धीरे-धीरे बहाल करने पर विचार कर रहे हैं. इस हफ्ते की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय फोन कॉल्स फिर से शुरु हो गईं और शनिवार सुबह टेक्स्ट मैसेजिंग सेवाएं भी वापस आ गईं. उन्होंने यह भी संकेत दिया कि इस तरह का कोई भी कदम युद्ध में बदल सकता है. विशेषज्ञों का मानना है कि यह बयान ईरान की 'रेड लाइन' को स्पष्ट करता है और संभावित सैन्य कार्रवाइयों को रोकने के लिए कड़ा संदेश देता है. इससे पहले भी ईरानी नेतृत्व कई बा सर्वोच्च नेता की सुरक्षा को लेकर सख्त रुख जाहिर करता रहा है.

## ईरानी प्रदर्शनकारियों के सीधे सिर में मारी गई गोली, 16 हजार से अधिक की मौत,

**जागो वर्ल्ड/ नई दिल्ली**

ईरान में दिसंबर 2025 के आखिर से शुरु हुए विरोध प्रदर्शनों ने पूरे देश को हिला कर रख दिया। इन विरोध प्रदर्शनों की शुरुआत आर्थिक मुद्दों जैसे महंगाई और रियाल की गिरावट से हुई थी, लेकिन जल्द ही यह सरकार विरोधी आंदोलन में बदल गया, जिसमें सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ नारे लगाए जा रहे हैं। एक नई रिपोर्ट दावा किया गया है कि सरकार की कड़ी कार्रवाई में कम से कम 16,500 प्रदर्शनकारी मारे गए हैं और तीन लाख 30 हजार से ज्यादा घायल हुए हैं। ज्यादातर पीड़ित 30 साल से कम उम्र के युवा हैं। यह रिपोर्ट डॉक्टरों के हवाले से तैयार की गई है। रिपोर्ट में डॉक्टरों ने बताया है कि घायलों में सिर, गर्दन और छाती पर गोली। यह बात सैन्य-ग्रेड हथियारों के इस्तेमाल को दर्शाती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका स्थित न्यूज एजेंसी ने 3,090 मौतों की पुष्टि की है, जिसमें ज्यादातर प्रदर्शनकारी शामिल हैं। साथ ही 22 हजार से ज्यादा गिरफ्तारियां हुई हैं। सुप्रीम लीडर खामेनेई ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि इन विरोध प्रदर्शनों में कई हजार मौतें हुई हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपराधी बताते हुए प्रदर्शनकारियों को अमेरिका का फुट सोल्जर बताया है। जर्मन-ईरानी नेत्र सर्जन ने इसे डिजिटल अंधेरे के कवर में नरसंहार कहा है। तेहरान के प्रमुख अस्पतालों के आंकड़ों के मुताबिक हजारों आंखों की चोटें दर्ज की गईं, जिसमें 700 से 1000 लोग अपनी आंखें खो चुके हैं। कई मौतें खून की कमी से हुईं, क्योंकि सुरक्षा बलों ने कुछ मामलों में ब्लड ट्रांसफ्यूजन की इजाजत नहीं दी। प्रोफेसर ने कहा कि अधिकारी रुकने तक मारते रहेंगे और यही हो रहा है। यह क्रैकडाउन बच्चों और गर्भवती महिलाओं तक पहुंच गया, जिसे कुछ विशेषज्ञों ने नरसंहार बताया है। ईरान में कई हफ्तों से इंटरनेट ब्लैकआउट जारी है, जिसने सूचना के प्रवाह को पूरी तरह रोक दिया है और देश को दुनिया से अलग-थलग कर दिया है।

## इंदौर वनडे में टीम इंडिया की हार, कोहली का शतक बेकार, न्यूजीलैंड ने ODI सीरीज जीतकर रचा इतिहास

**जागो वर्ल्ड/ इंदौर**

न्यूज़ीलैंड ने रविवार को भारत के खिलाफ ऐतिहासिक जीत हासिल की। इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेले गए तीसरे और निर्णायक मुकाबले में न्यूज़ीलैंड की टीम ने भारत को 41 रन से हराया। न्यूज़ीलैंड ने पहली बार भारत के खिलाफ भारतीय सरजमीं पर वनडे सीरीज जीती है। न्यूज़ीलैंड ने तीसरे वनडे में पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 337 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम ने विराट कोहली की शतकीय पारी की मदद से वापसी की कोशिश की लेकिन पूरा ओवर नहीं खेल सके। भारत ने 46 ओवर में सभी विकेट खोकर 296 रन बनाए। भारत की ओर से विराट कोहली ने सर्वाधिक 124 रन बनाए। न्यूज़ीलैंड के लिए फोक्स और क्लार्क ने 3-3 विकेट लिए। 338 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को चौथे ओवर में पहला झटका लगा। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली 108 गेंद में 124 रन बनाकर पवेलियन लौटे। कुलदीप यादव के रन आउट के साथ ही भारतीय पारी समाप्त हुई। न्यूज़ीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले ओवर में हेनरी निकोलस का विकेट गंवाया। वह खात नहीं खोल सके। उन्हें अर्शदीप सिंह ने आउट किया। इसके बाद हर्षित राणा ने डेवोन कॉनवे को पवेलियन का रास्ता दिखाया। कॉनवे 5 रन ही बना सके। राणा ने उन्हें आउट किया। ग्लेन फिलिप्स और मिचेल की साझेदारी को अर्शदीप सिंह ने तोड़ा। फिलिप्स 88 गेंद में 106 रन बनाकर आउट हुए। डेरिल मिचेल ने 131 गेंद में 137 रन की पारी खेली। सिराज ने उन्हें पवेलियन भेजा। हे दो और फोक्स 10 रन बनाकर पवेलियन लौटे। भारत के लिए अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा ने तीन तीन विकेट लिए जबकि मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव को एक एक विकेट मिला।

## यूएई के राष्ट्रपति नाहयान का भारत दौरा द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगी मजबूती

**जागो वर्ल्ड/ नई दिल्ली**

यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर भारत की आधिकारिक यात्रा पर आ रहे हैं, जो दोनों देशों के संबंधों में लगातार बढ़ती नजदीकी को दिखाता है। इस दौरे में भारत - यूएई रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने और क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने पर चर्चा होगी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार को भारत की आधिकारिक यात्रा



पर आएंगे। रविवार को विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर राष्ट्रपति नाहयान की भारत का प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति नाहयान भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने पर चर्चा करेंगे। साथ यूएई के उप प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की भारत यात्रा शामिल है।

### भारत-यूएई प्रमुख व्यापार साझेदार

भारत और यूएई के बीच राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक क्षेत्रों में मजबूत और बहुआयामी संबंध हैं। ऊर्जा क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक आपूर्ति समझौते सहित मजबूत साझेदारी है। दोनों देश संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स और यूएई -फ्रांस -भारत त्रिपक्षीय मंच जैसे कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

## कोहरा बना काल: यूपी, हरियाणा और पंजाब में हादसा, 15 लोगों की मौत; 100 से अधिक घायल

**जागो वर्ल्ड/ नई दिल्ली**

उत्तर भारत के कई राज्यों में कोहरे का सितम कम होता नहीं दिख रहा। यूपी, हरियाणा और पंजाब में रविवार को कोहरा काल बनकर आया। यहां घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम होने की वजह से 50 से अधिक वाहन आपसे में भिड़ गए। इस दौरान तीनों राज्यों में विभिन्न सड़क हादसों में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक घायल हो गए। उत्तर प्रदेश में विभिन्न हादसों में 50 से अधिक वाहन आपस में टकरा गए, जिससे 11 लोगों की जान चली गई और 70 से ज्यादा लोग घायल बताए गए है। रामपुर में गलत दिशा से आ रहे ऑटो ने एक बाइक पर सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र समेत तीनों की मौत हो गई। मुरादाबाद में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर शनिवार रात लोधीपुर राजपूत गांव के पास एक कैंटर में कंटेनर पीछे से टकरा गया, जिसमें कंटेनर चालक की मौत हो गई।

### दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर 15 से अधिक वाहन टकराए

अमरोहा के आदमपुर में मैक्स गाड़ी एक गहरी खंदक पर पलट गई, जिसमें चालक



की जान चली गई। गजरौला में कोहरे के चलते दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर 15 से अधिक वाहन टकरा गए। शाहजहांपुर में दिल्ली-लखनऊ हाईवे के उचौलिया गांव के पास दो लोगों को ट्रक ने कुचल दिया। इसमें तीन लोग घायल हुए। पूरनपुर में पीएसी की गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिसमें आठ जवान घायल हो गए। बरेली में दिल्ली-लखनऊ हाईवे के फरीदपुर में 16 वाहन टकराए, इसमें रोडवेज बस चालक की मौत हो गई। बस में बैठे 12 सवारियां घायल हो गईं। मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर कमालपुर गांव के पास आगरा डिपो की बस आगे चल रहे कैंटर से टकरा गई। इसमें बस चालक और तीन यात्री चोटिल हो गए। बागपत में तीन स्थानों पर 12 वाहन आपस में टकरा गए। इसमें 20 से अधिक लोग घायल हुए। दुर्घटना में एक बैल की भी मौत हो गई। यूपी में धुंध के कारण कुछेक और हादसे हुए।

### पंजाब में दो की मौत, 32 लोग घायल

पंजाब में रविवार की सुबह घनी धुंध के कारण चार जिलों में हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई और 32 लोग घायल हुए हैं। इससे पहले शनिवार को तीन जिलों में हुए हादसों में पांच लोगों की मौत और 12 लोग घायल हुए थे। घायलों में कुछ विद्यार्थी ऐसे भी थे, जो चंडीगढ़ में क्लर्क की परीक्षा देने के लिए जा रहे थे।

### केएमपी एक्सप्रेसवे पर पांच वाहन टकराए, दो लोगों की जलकर मौत

हरियाणा के नूंह में केएमपी एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह करीब आठ बजे एक बड़े वाहन के अचानक ब्रेक लगाने से पांच भारी वाहन टकरा गए। हादसे में रोड़ी से लदा एक डंपर और अमेजन कंपनी के मोबाइल से भरे एक कंटेनर में आग लग गई। कंटेनर में फंसे चालक राजस्थान के सीकर के राकेश (27) और अलवर के देशराज जल गए। अन्य वाहनों के चालक और सवारियां किसी तरह स्थानीय लोगों की मदद से बचा लिए गए। हादसे में अमेजन का कंटेनर भी पूरी तरह जल गया।

## मुंबई में मेयर पद पर सस्पेंस के बीच एकनाथ शिंदे का बड़ा बयान, बोले- 'BJP नबंर- 1 पार्टी

**जागो वर्ल्ड/मुंबई**



देश के सबसे अमीर नगर निगम बृहन्मुंबई महानगरपालिका (B M C) के नतीजे साफ होने के बाद अब मुंबई के मेयर पद को लेकर बीजेपी और शिवसेना (एकनाथ शिंदे) के बीच खींचतान शुरु हो गई है. एकनाथ शिंदे गुट ने राजनीतिक जोड़तोड़ की आशंका के बीच अपने सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को सुरक्षित रखने के लिए होटल में लॉक कर दिया है. वहीं, पार्टी के नवनिर्वाचित पार्षदों से मुलाकात के बाद ,उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा, मैंने नए पार्षदों को बधाई दी और उन्हें शुभकामनाएं दीं. मैंने उन्हें अपने-अपने वार्डों में स्वच्छता और जल समस्या पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया है. उन्हें अपने-अपने वार्डों में स्वच्छता और समग्र विकास पर ध्यान देना चाहिए. मुंबई ने विकास को अपनाया है और विकास-विरोधी विचारों को नकार दिया है. मुंबई की जनता ने अपना विश्वास दिखाया है. महाराष्ट्र में भाजपा नंबर एक पार्टी है और शिवसेना थोड़े ही समय में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है. इस बीच उद्धव ठाकरे के विश्वसनीय संजय राउत ने देवेंद्र फडणवीस की तारीफ की है. शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि एकनाथ शिंदे बीजेपी से डरे हुए हैं. इसलिए उन्होंने अपने पार्षदों को पांच सितारा होटल में ठहराया है. उधर कांग्रेस नेता उदित राज ने दावा कि बीजेपी ही मुंबई में मेयर बनाएगी और शिंदे को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा.दरअसल महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों के चुनाव में महायुति ने 25 पर बहुमत हासिल किया. वहीं बीएमसी में महायुति ने 118 सीटें जीतीं, जिसमें बीजेपी ने 89 और शिवसेना ने 29 सीटें हासिल कीं. वहीं उद्धव ठाकरे की शिवसेना को 65, कांग्रेस को 24, असदुद्दीन ओवैसी को 8, राज ठाकरे की मनसे 6, अजित पवार की एनसीपी को 3, समाजवादी पार्टी को 2 और एनसीपी (शरद पवार) को 1 मिली है. इस तरह बीजेपी और एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने मिलकर बीएमसी में स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है. हालांकि सीटों के इस गणित से साफ है कि बीजेपी अपने दम पर निगम नहीं चला सकती और उसे शिंदे गुट के समर्थन की जरूरत होगी. यही वजह है कि कम सीटें होने के बावजूद शिंदे गुट अब 'किंगमेकर' की भूमिका में आ गया है. यही वजह है कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने मुंबई के मेयर पद पर दावा ठोक दिया है और ढाई-ढाई साल के फॉर्मूले की मांग की है. पार्टी के नवनिर्वाचित पार्षदों से मुलाकात के बाद, उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा, मैंने नए पार्षदों को बधाई दी और उन्हें शुभकामनाएं दीं. मैंने उन्हें अपने-अपने वार्डों में स्वच्छता और जल समस्या पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया है. उन्हें अपने-अपने वार्डों में स्वच्छता और समग्र विकास पर ध्यान देना चाहिए. मुंबई ने विकास को अपनाया है जो बहुमत से थोड़ा ही ऊपर हैं. बीजेपी ने 89 वार्डों में जीत दर्ज की है, इस हिसाब से देखे तो बीजेपी अपने दम पर निगम नहीं चला सकती यही वजह है कि कम सीटें होने के बावजूद शिंदे गुट अब 'किंगमेकर' की भूमिका में आ गया है. सूत्रों के मुताबिक, इसी ताकत के दम पर शिवसेना (शिंदे गुट) ने मेयर पद पर अपना दावा ठोक दिया है. पार्टी ने बीजेपी के सामने ढाई-ढाई साल का फॉर्मूला रखने की मांग की है. शिंदे गुट के नेताओं का कहना है कि मुंबई का मेयर शिवसेना का होना चाहिए, क्योंकि यह बालासाहेब ठाकरे की विरासत रही है और अविभाजित शिवसेना ने दशकों तक बीएमसी पर राज किया है.

# लोकतंत्र की हत्या बंद करे पंजाब सरकार, प्रेस की आजादी पर हमला बर्दाश्त नहीं: राजकुमार पठानियाँ

जागो वर्ल्ड - ऊना /ब्यूरो रिपोर्ट

पंजाब सरकार द्वारा प्रतिष्ठित समाचार पत्र 'पंजाब केसरी' के विरुद्ध अपनाई जा रही दमनकारी नीतियों को लेकर भारतीया जनता पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। भाजपा के प्रदेश सह मीडिया संयोजक राजकुमार पठानियाँ ने इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र की हत्या" करार दिया है। पठानियाँ ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि प्रेस की स्वतंत्रता पर किसी भी प्रकार का आघात सहन नहीं किया जाएगा और पूरी भाजपा इकाई 'पंजाब केसरी' के साथ मजबूती से खड़ी है। सत्ता के अहंकार में चूर है सरकार राजकुमार पठानियाँ ने अपने बयान में पंजाब सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार अपनी व िफलताओं को छिपाने के लिए मीडिया की आवाज को दबाने का कुत्सित प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, "पंजाब केसरी दशकों से जनता की आवाज



बना हुआ है। जब-जब सत्ता पक्ष की कमियों को उजागर किया जाता है, तब-तब यह सरकार दमनकारी हथकंडे अपनाकर पत्रकारों और संस्थान को डराने का प्रयास करती है यह सीधे तौर पर चौथे स्तंभ का गला घोंटने जैसा है।" आपातकाल की याद दिला रही हैं नीतियांपठानियाँ ने वर्तमान स्थिति की तुलना आपातकाल (Emergency) के काले दिनों से करते हुए कहा कि जिस तरह से सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर समाचार पत्र को प्रताड़ित किया जा रहा है, वह बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रेस की अपनी एक स्वतंत्र भूमिका होती है, लेकिन पंजाब सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर संविधान की मर्यादाओं को तार- तार कर रही है। "प्रेस की आजादी पर हमला लोकतंत्र की नींव हिलाने जैसा है। अगर आज हम चुप रहे, तो यह तानाशाही बढ़ती जाएगी। पंजाब सरकार यह न भूले कि सत्य को परेशान किया जा सकता है, पराजित नहीं। "भाजपा का पूर्ण समर्थन मीडिया सह संयोजक ने स्पष्ट किया कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता 'पंजाब केसरी' समूह और पत्रकारिता जगत के साथ है। उन्होंने मांग की है कि सरकार अपनी इन दमनात्मक कार्रवाइयों को तुरंत रोके। पठानिया ने कहा कि यदि सरकार ने अपना अड़ियल और दमनकारी रवैया नहीं बदला, तो भाजपा सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी।

# विधायक बोले विधानसभा में भी उठाऊंगा मुद्दा जरूरत पड़ी तो सड़क पर उतरने से भी नहीं करूंगा गुरेज

जागो वर्ल्ड - ऊना /ब्यूरो रिपोर्ट



## कुठार कलां में ग्रामीणों ने विधायक सत्ती को बताई समस्याएं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के भी पड़ चुके हैं लाले

ऊना विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र के गांव कुठार कलां में ग्रामीणों के साथ बैठक कर संवाद स्थापित किया। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में विकास कार्य पूरी तरह ठप होने को लेकर कड़ा रोष जताया और अपनी विभिन्न समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उनकी ग्राम पंचायत को बिना ग्रामीणों की सहमति के नगर निगम में शामिल कर दिया गया, जिसके बाद से विकास कार्यों पर पूरी तरह ब्रेक लग गई है। नगर निगम में शामिल होने के बावजूद न तो मूलभूत सुविधाएं मिल पा रही हैं और न ही पहले की तरह पंचायत स्तर पर विकास कार्य हो रहे हैं। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि नगर निगम में शामिल होने के बाद सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ लेने वाले पात्र लोगों के समक्ष भी संकट खड़ा हो गया है। कई बुजुर्ग और जरूरतमंद पेंशन से वंचित हो रहे हैं, जिससे उनका जीवन प्रभावित हो रहा है। बैठक में संतोषगढ़ रोड पर रामपुर स्थित क्षतिग्रस्त पुल का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला यह पुल पिछले ढाई वर्षों से क्षतिग्रस्त है, लेकिन अब तक इसका निर्माण नहीं हो पाया है। बरसात के मौसम में पुल बंद होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कई बार इस समस्या को अधिकारियों और सरकार के प्रतिनिधियों के समक्ष उठाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के हालात दिन-ब दिन जटिल होते जा रहे हैं और शासन- प्रशासन उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रहा है। इस पर विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इन सभी मुद्दों को वह विधानसभा में मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि वह हर समय जनता के साथ खड़े हैं और यदि जरूरत पड़ी तो समस्याओं के समाधान के लिए लोगों को साथ लेकर धरना- प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# परवाणू शहरी सहकारी बैंक की बैठक संपन्न



जागो वर्ल्ड - ऊना / हरोली / सिमरन कौर

परवाणू शहरी सहकारी बैंक द्वारा दिनांक 17 जनवरी 2026 को बेदेहरा कृषि सेवा समिति में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बैंक के सीईओ श्री परवीन कुमार अरोड़ा, एजीएम श्री महेश कुमार मित्तल तथा शाखा प्रभारी श्रीमती कविता उपस्थित रहीं।बैठक में ऊना जिले के हरोली ब्लॉक की विभिन्न सहकारी समितियों के सचिवों एवं अध्यक्षों ने भाग लिया। इस दौरान समितियों के लिए जमा राशि पर बैंक द्वारा दी जा रही उच्च ब्याज दरों एवं समितियों तथा आम जनता के लिए उपलब्ध ऋण योजनाओं पर चर्चा की गई। बैंक अधिकारियों ने बैंक की उपलब्धियों जैसे एटीएम, एनईएफटी आरटीजीएस एवं क्यूआर कोड सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही बताया गया कि शीघ्र ही आईएमपीएस, मोबाइल बैंकिंग तथा पैन/ आधार जनरेशन जैसी नई सुविधाएँ भी शुरू की जाएंगी। बैठक में ऋण एवं लॉकर सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला गया।

**समितियों के लिए जमा राशि पर बैंक द्वारा दी जा रही उच्च ब्याज दरों एवं समितियों तथा आम जनता के लिए उपलब्ध ऋण योजनाओं पर चर्चा की गई।**

# लठियानी में स्वच्छता अभियान का आयोजन, बड़ी संख्या में लोगों ने की सहभागिता

जागो वर्ल्ड - लठियानी / विनोद शर्मा




शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब लठियानी की ओर से लठियानी में एक व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान लठियानी बाजार से लेकर लठियानी घाट तक चलाया गया, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़- चढ़कर भाग लेकर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान बाजार क्षेत्र, सड़क किनारे, सार्वजनिक स्थलों और घाट क्षेत्र की साफ-सफाई की गई। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभियानों का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना और साफ -सुथरे वातावरण को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है, जिसमें हर नागरिक की सहभागिता जरूरी है। इस स्वच्छता अभियान में महिला आशा वर्करों, आंगनवाड़ी वर्करों के साथ -साथ बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी ने मिलकर कूड़ा- कचरा एकत्रित किया और क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दिया।क्लब की ओर से अभियान में भाग लेने वाले सभी स्वयंसेवकों के लिए खाने और रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था भी की गई। स्थानीय लोगों ने शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की।

# बंद घर से नकदी व आभूषण चोरी, 12 लाख की चोरी का मामला दर्ज

जागो वर्ल्ड - बंगाणा / कुटलैहड़ / जोगिंदर देव आर्य

थाना बंगाणा के अंतर्गत घर में चोरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में विकास चंद पुत्र श्री सरवन सिंह निवासी वार्ड नंबर 7 , हारसा लठ्ठा, डाकघर भलौण, तहसील बंगाणा जिला ऊना ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता के अनुसार वह दिनांक 17 जनवरी 2026 को अपना मेडिकल स्टोर बंद कर अपनी पत्नी व पुत्री के साथ ससुराल नादौन गया हुआ था। उस समय उसके घर में कोई भी मौजूद नहीं था। दिनांक 18 जनवरी 2026 को जब वह परिवार सहित अपने घर वापस लौटा तो घर के मुख्य गेट पर पहुंचने पर पाया कि गेट का ताला कटा हुआ था।जब उसने गेट खोलकर अंदर प्रवेश किया तो देखा कि हॉल के दरवाजे की कुंडी भी कटी हुई थी तथा घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पाया गया कि घर से करीब 85 हजार रुपये नकद तथा उसकी पत्नी के सोने के आभूषण, जिनमें कानों के कांटे, गले का हार, टीका और स्वयं का सोने का कड़ा चोरी हो चुके हैं। चोरी हुए आभूषणों व नकदी की कुल कीमत लगभग 12 लाख रुपये आंकी गई है ।शिकायत के आधार पर थाना बंगाणा पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और चोरी में शामिल आरोपियों की तलाश जारी है।

# संतोषगढ़ में 21-22 जनवरी को ऐतिहासिक जोड़ मेला व फतेह दिवस, संत मीरा बाई को समर्पित रहेगा आयोजन

जागो वर्ल्ड - संतोषगढ़ / ऊना / सुमन चौधरी



नगर परिषद संतोषगढ़ में वार्षिक ऐतिहासिक 21-22 जनवरी जोड़ मेला एवं घल्लू घारा दिवस का इस बार भी धूमधाम से आयोजन होगा। श्री गुरु रविदास जोड़ मेला कमेटी के जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह ने रविवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में आयोजन को लेकर जानकारियां साझा की। इस दौरान मेले के संस्थापक पूर्व विधायक शिंगारा राम सहूंगड़ा की पत्नी सुमन देवी सहूंगड़ा व बेटा कुंवर जगवीर सिंह सहूंगड़ा व संयुक्त संघर्ष समिति के चेयरमैन बलवीर सिंह बग्गा, गुरु रविदास सभा संतोषगढ़ के प्रधान एडवोकेट कुलविंदर सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। बलवंत सिंह ने बताया कि इस बार जोड़ मेला संत मीरा बाई को समर्पित किया गया है। कहा संतोषगढ़ में वर्ष 2005 को नीच मानसिकता के कुछ लोगों और सरकारी शरारती तत्वों की मिलीभगत से गुरु रविदास महाराज के मंदिर को साजिश कर गिराया गया था। मंदिर बचाने के लिए समाज ने संघर्ष किया, महिला पुरुष और बच्चों को मिलाकर पूर्व विधायक शिंगारा राम सहूंगड़ा सहित 103 क्रांतिकारी अरेस्ट हुए। जिन्हें 35 दिन जेल यातना भी भुगतनी पड़ी। गुरु के अनुयायियों ने मंदिर प्रकरण में हुए जुल्म और झूठे केस करने के विरोध में आवाज बुलंद की। संघर्ष की जीत हुई और तत्कालीन सरकार को झुकना पड़ा सभी के केस वापस हुए और भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। इसी जीत को समर्पित सन्तोषगढ़ में 21-22 जनवरी जोड़ मेला एवं फतेह दिवस का आयोजन होता है, इसे शिंगारा राम सहूंगड़ा ने एलान किया था। कड़ी में अब आगामी 21 जनवरी को फतेह यात्रा का आगाज ऐतिहासिक गुरु रविदास मंदिर संतोषगढ़ से हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान करेंगे। ऊना मुख्यालय होते हुए यह यात्रा बहडाला और अन्य गांवों से होकर वापस संतोषगढ़ पहुंचेगी। अगले दिन जबकि 22 जनवरी के आयोजन में पंजाब अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष जसवीर सिंह गड़ी मुख्य रूप से पहुंचेंगे। आयोजन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल कर समाज का नाम रोशन करने वाले युवाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। जेल यातना भुगतने वाले सभी साथी भी सम्मानित किए जाएंगे। इस दौरान संत समाज की ओर से जहां गुरु रविदास महाराज की महिमा का गुणगान किया जाएगा। वहीं पंजाब के प्रसिद्ध गायक बलराज बिलगा, विजय रंगीला आदि प्रसिद्ध गायक भी गुरु रविदास जी की शब्द वाणी का गुणगान करेंगे। वार्ता में गुरु रविदास मंदिर कमेटी के वरिष्ठ उप प्रधान कश्मीरी लाल सिंघा, सचिव मनोहर भीसी, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार सहित बलराम महे, राज कुमार, सुलिंदर, विक्की, पंकज, राहुल, बिट्टू तथा अन्य मौजूद रहे।

# खेल, राजनीति, सिविल सेवाएं और सामाजिक कार्यों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही समाज को मिलेगी सही दिशा- गौरव कुमार

जागो वर्ल्ड - चिंतपूर्णी / अम्ब / ज्योति स्याल



## युवा चाहें तो कुछ भी कर सकते हैं, हर क्षेत्र में आगे आएं युवा : गौरव कुमार

जखधार क्रिकेट क्लब, टिपरी द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले में स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट, चिंतपूर्णी के अध्यक्ष श्री गौरव कुमार जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गौरव कुमार जी ने युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों और रचनात्मक गतिविधियों के प्रति अपनी रुचि बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना सिखाते हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नींव रखते हैं। उन्होंने कहा कि “युवा चाहें तो कुछ भी कर सकते हैं”, जरूरत है केवल सकारात्मक सोच, स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर परिश्रम की। आज का युवा वर्ग देश की सबसे बड़ी ताकत है और यदि यह शक्ति सही दिशा में कार्य करे तो समाज और राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है।श्री गौरव कुमार जी ने कहा कि युवाओं को केवल खेल तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि राजनीति, सिविल सेवाएं, सामाजिक कार्य और राष्ट्र से जुड़े हर क्षेत्र में आगे आकर अपनी भूमिका निभानी चाहिए। जब युवा हर क्षेत्र में नेतृत्व करेगा, तभी समाज को सही दिशा और मजबूत भविष्य मिलेगा ।उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखकर सकारात्मक मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने और देश- प्रदेश का नाम रोशन करने का संदेश दिया।इस अवसर पर स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, खेल प्रेमी, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत मैरा के बुसकाड़ा पुल के पास मैदान मै एक दिवसीय वालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन



जागो वर्ल्ड/ज्वाली/राजेशकतनोरिया

ज्वाली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मैरा के बुसकाडा़ पुल के पास मैदान मै एक दिवसीय वालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जो देर रात तक चली! आयोजक अरमान बडवाल नै बताया कि यह वालीवाल प्रतियोगिता मैनै अपने दादा स्वर्गीय सूबेदार ज्ञान सिंह बडवाल की यादगार मैं प्रतियोगता करवाई गयी! उसने बताया कि लगभग 20 टीमों नै भाग लिया! प्रतियोगता के शुभारम्भ के मौके पर वायु सेना से सेवानिवृत अधिकारी दिलवर सिंह हीरा नै शिरकत की! वहीं समापन के मौके पर समाजसेवक पुनीत कुमार महाजन नै अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई! सेमीफाइनल प्रतियोगता का पहला मुकाबला शाहपुर और सोलधा टीम के बीच हुया जिसमें शाहपुर टीम रही! वहीं दुसरा मुकाबला फौजी क्लब रैहन और लाहडूं टीम के बीच हुया जिसमें लाहडूं टीम बिजय रही! फाईनल मुकाबला शाहपुर टीम और लाहडूं टीम के वीच हुया! जिसमे शाहपुर टीम विजेता औ लाहडूं टीम उप विजेता रही! विजेता टीम को 7100 रूपये नकद और उप विजेता टीम को 5100 रूपये व ट्राफी देकर सम्मानित किया किया और वाकी खिलाड़ियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया! इस मौके पर मुख्यातिथि दिलवर सिंह हीरा नै कहा कि आजकल के युवा छोटे छोटे खेल के मैदानों मैं खेलकर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं! यह होनहार खिलाड़ी भी हमारे बीच मैं से ही निकलें है! उनहोने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिये!

# राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक करेंगे भारतीय दल की अगुवाईनिवेश और निर्यात की संभावनाएं तलाशने थाईलैंड रवाना हुआ

जागो वर्ल्ड/बीबीएन / स्वास्तिक गौतम



निवेश और औद्योगिक सहयोग की संभावनाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री ( एफ आई आई) का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक के नेतृत्व में थाईलैंड के लिए रवाना हुआ। इस दल में हिमाचल प्रदेश के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ- साथ उद्योग एक्सपर्ट से जुड़े सदस्य भी शामिल हैं। फेडरेशन के हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष चिरंजीव सिंह सचिव अखिलेश और संगठन मंत्री डॉ आर एस राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह इंडस्ट्रियल विजिट लगभग एक वर्ष पूर्व तय की गई थी। इसके तहत हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ एवं युवा उद्यमी दिल्ली से थाईलैंड के लिए रवाना हुए हैं।उन्होंने बताया कि इस औद्योगिक दौरे के दौरान फार्मा, आयुर्वेदिक, फूड प्रोसेसिंग सहित अन्य उत्पादों के आयात- निर्यात की संभावनाओं पर विचार किया जाएगा। साथ ही हिमाचल प्रदेश से थाईलैंड को निर्यात की जा सकने वाली वस्तुओं और उत्पादों को लेकर भी गहन मंथन किया जाएगा। दौरे के दौरान फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक थाईलैंड सरकार के साथ लगातार तीन दिनों तक आधिकारिक वार्ता करेंगे। इन बैठकों में न केवल हिमाचल प्रदेश बल्कि भारत के अन्य राज्यों से आयात और औद्योगिक सहयोग के विषयों पर भी चर्चा और शोध किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश और भारत के अन्य हिस्सों से इस प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष हिमाचल अनिल मलिक, सतीश कुमार ढूंढवा, राजीव कंसल, नेत्र प्रकाश कौशिक, सतपाल सिंह जस्सल, उमेश उदितेन्दु, गुरिंदर पाल, देवेंद्र सिंह, उज्जवल, शौर्य, डॉ द्रव्या हितेंद्र, शिवम्, नेहा, सुनीता सहित अन्य उद्योगपति शामिल हैं। यह पांच दिवसीय औद्योगिक दौरा थाईलैंड सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान चैम्बर ऑफ़ थाई इंडस्ट्रीज, इंडियन अम्बेसी के साथ बैठकों का दौर होगा। इस प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्राप्त अनुभवों और औद्योगिक समझ से भविष्य में हिमाचल प्रदेश के उद्योग जगत को व्यापक लाभ मिलने की प्रबल संभावना है।

# राम महोत्सव के उपलक्ष्य पर श्री राम सेना ने शुरू किया स्वच्छता अभियान

जागो वर्ल्ड/बीबीएन / स्वास्तिक गौतम



श्रीराम महोत्सव के पावन अवसर से पूर्व श्रीराम सेना के तत्वावधान में एक सराहनीय (स्वच्छता एवं जनहित) अभियान चलाया गया। श्रीराम सेना के संयोजक राजेश जिंदल जी, विकास झा, विनोद गोयल एवं गुरबचन के नेतृत्व में पूरी टीम द्वारा क्षेत्र में व्यापक साफ- सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर श्री राजेश जिंदल ने कहा श्रीराम के आदर्शों पर चलना ही सच्ची सेवा है। स्वच्छता और समाज सेवा से ही रामराज्य की परिकल्पना साकार होती है। इस अभियान में श्रीराम सेना के कार्यकर्ताओं ने बढ़- चढ़कर भाग लिया और क्षेत्रवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की। उधर रविवार को प्रभु श्री रामचंद्र जी की पावन ज्योत के साथ चल रही रथ यात्रा के 9 वें दिन नगर भ्रमण के लिए रथ को भक्ति भाव से रवाना किया गया। यह रथ यात्रा रविवार को मोतिया प्लाजा, टोलप्लाजा, नवानगर हरियाणा, गोरख नाथ मंदिर, माडवाला बस स्टैंड, बरोटीवाला, स्पेंगल लोक विहार कालोनी ट्रक यूनियन के पास बुरावाला बस स्टैंड, झाड़माजरी बस स्टैंड, हनुमान मंदिर झाड़माजरी, शिवालिक नगर, कोलगेट, हिलवयु अपार्टमेंट लक्कड़ पुल पहुँची। सभी जगह रथ यात्रा का भव्य स्वागत हुआ।

# नगर परिषद कुल्लू के वार्ड नंबर 9 हनुमानी बाग स्थित महादेव गौ सदन संस्था के नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन

जागो वर्ल्ड/ कुल्लू / प्रिया शर्मा



नगर परिषद कुल्लू के वार्ड नंबर 9 हनुमानी बाग स्थित महादेव गौ सदन संस्था के नवनिर्मित भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उद्घाटन समारोह के दौरान अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने कहा कि गोशालाओं को अक्सर फंड की कमी का सामना करना पड़ता है, ऐसे में समाज के सभी वर्गों को आगे आकर दिल खोलकर दान करना चाहिए, ताकि बेसहारा गौवंश की बेहतर देखभाल सुनिश्चित की जा सके।उन्होंने महादेव गौ सदन को संचालित करने वाले पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि जिस समर्पण और मेहनत से गौ सदन का संचालन किया जा रहा है, वह काबिले-तारीफ है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा किए जा रहे कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर महादेव गौ सदन के प्रधान नवनीत सूद, सचिन सूद सहित गौ सदन के कार्यकारिणी सदस्य एवं संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# नामी मीडिया संस्थान पर पंजाब सरकार की कार्रवाई संकीर्ण मानसिकता प्रेम गौतम

जागो वर्ल्ड/बीबीएन / स्वास्तिक गौतम



देश के नामी मीडिया संस्थान पी केसरी ग्रुप के मुख्यालय जालंधर मिलाप चौक में पंजाब की भगवंत मान तानाशाही सरकार द्वारा बोले गए धावे की सख्त शब्दों में निंदा करते हुए बिलासपुर बीजेपी के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष प्रेम गौतम कहा कि भगवंत मान सरकार मीडिया संस्थानों पर दबाव बना कर अपनी कारगुजारियों पर पर्दा डालने उन्होंने कहा कि एक तरफ तो पंजाब सरकार अभिव्यक्ति की आजादी की झंडाबरदार बनती है वही दूसरी तरफ अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए मीडिया का गला घोट रही है। उन्होंने कहा जो अखबार आतंक के दौर में भी आतकवादीयों के आगे नहीं झुकी वह भगवंत मान सरकार की धौंस के आगे कदापि नही झुकेगी। ये सिर्फ एक मिडिया जगत के लिए नहीं परन्तु सम्पूर्ण मिडिया की आजादी को दबाने की कोशिश में भागवत मान सरकार लगी है जो कभी कामयाब नहीं होंगी। गौतम ने इसे संकीर्ण मानसिकता करार दिया।

# उपमंडल स्तर और सभी पोलिंग स्टेशन पर मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस - उपायुक्त

जागो वर्ल्ड/ शिमला / टीना ठाकुर



25 जनवरी, 2026 को आयोजित होने वाले 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन को लेकर आज उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस - 2026 का राज्य स्तरीय समारोह ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता राज्य पाल, हिमाचल प्रदेश शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। इस दौरान निर्वाचन विभाग द्वारा तैयार की जा रही कॉफ़ी टेबल बुक का विमोचन भी राज्यपाल के हाथों सम्पन होगा। उन्होंने कहा कि समारोह का आयोजन नए मतदाताओं को जागरूक करने और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर वर्ष किया जाता है। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए हर मतदाता की सहभागिता जरूरी है इसलिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन उपमंडल स्तर और जिला के सभी पोलिंग स्टेशन पर भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि समारोह में 06 नव पंजीकृत युवा मतदाताओं को मुख्य अतिथि द्वारा ईपीआईसी वितरित किये जायेंगे, जिसमें 62 -कसुम्पटी, 63-शिमला तथा 64-शिमला ग्रामीण से 02-02 नए मतदाता शामिल रहेंगे। इसके अतिरिक्त समारोह में ए वरिष्ठ नागरिक मतदाता, एक दिव्यांग मतदाता और एक ट्रांसजेंडर मतदाता को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने वरिष्ठ नागरिक मतदाता और दिव्यांग मतदाता को समारो में लाने और वापिस ले जाने के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इसके साथ- साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले 03 जिला निर्वाचन अधिकारी, 06 इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, 03 बेस्ट इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब इसके साथ ही कार्यक्रम दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए चुनावी प्रक्रिया से सम्बंधित फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कार्य करने को कहा बैठक में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कानून एवं व्यवस्था पंकज शर्मा, सहायक आयुक्त देवी चंद ठाकुर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# डडौर में नया लट्ठा बनाने को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

जागो वर्ल्ड/ मंडी / सचिन शर्मा



बल्ह उपमंडल के नगर परिषद डडौर का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला और उन्हें डडौर के लिए नया लट्ठा तैयार करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। स्थानीय निवासियों ने बताया कि जब ग्राम डडौर) के निवासी अपनी भूमि की निशानदेही एवं त कसीम के लिए अपने आवेदन व संबंधित मिसलें तहसीलदार बल्ह के समक्ष प्रस्तुत करते हैं, तो उक्त आवेदन संबंधित पटवारी एवं क्षेत्रीय कानूनगो के पास भेजे जाते हैं। वहाँ से यह बताया जाता है कि मुहाल डडौर)/225 का लट्ठा पहले से फटा हुआ एवं पढ़ने योग्य नहीं है, जिसके कारण निशानदेही एवं तकसीम से संबंधित सभी कार्य नया लट्ठा बनने तक स्थगित कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह समस्या पिछले कई महीनों से निरंतर बनी हुई है, जिस कारण ग्रामवासियों के भूमि से जुड़े अनेक आवश्यक कार्य लंबित पड़े हैं। लट्ठा उपलब्ध न होने के कारण लोगों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने उपायुक्त से मांग की है कि डडौर के लिए नया लट्ठा तैयार करवाने हेतु संबंधित राजस्व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश जारी करने की कृपा करें, ताकि ग्राम वासियों के भूमि संबंधी कार्य समय पर संपन्न हो सकें।

# किरतपुर–नेरचौक फोरलेन पर बड़ा हादसा, 200 फीट नीचे गिरी कार

जागो वर्ल्ड/ स्वारघाट / सुभाषचंदेल



किरतपुर–नेरचौक फोरलेन पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। फोरलेन से नीचे सरस्वती माता मंदिर को जाने वाली संपर्क सड़क पर एक कार अनियंत्रित होकर करीब 200 फीट नीचे जा गिरी। मंदिर के सेवादार ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच हुआ। कार के गिरते ही तेज आवाज सुनाई दी, जिसके बाद जब मौके पर जाकर देखा गया तो चालक किसी तरह वाहन से बाहर निकल आया था, जबकि दो अन्य व्यक्ति कार के अंदर फंसे हुए थे। स्थानीय लोगों को तुरंत फोन कर मौके पर बुलाया गया।जिसके बाद जब मौके पर जाकर देखा गया तो चालक किसी तरह वाहन से बाहर निकल आया था सभी के सहयोग से कार को हटाकर घायलों को बाहर निकाला गया। इसके बाद तीनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से एम्स बिलासपुर भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन भी मौके पर पहुंचा तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक कामेश्वर शर्मा द्वारा निधि एंटरप्राइजेज, टुटू, शिमला 171011 से प्रकाशित तथा दुर्गा पेपर कन्वर्टर्ज़ तारादेवी से मुद्रित। दैनिक जागो वर्ल्ड से संबंधित सभी मामलों का निपटारा न्यायिक अधिकार क्षेत्र शिमला में ही होगा। फोन नंबर 9857388888 ,01772800002, पोस्ट बॉक्स नंबर 123 दी मॉल शिमला 17001,email -jagohimachalpradesh@gamil.com,kameshwarshimla@gmail.com

# बांग्लादेश को अपने अधीन करने व पाकिस्तानी जनरल मुनीर को बंदी बना भारत लाने की मांग

## इस्लामिक नाटो' की आड में नापाक हरकतों को जारी रखने की फिराक में पाकिस्तान

## शिवसेना का बांग्लादेश व पाकिस्तान के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन

जागो वर्ल्ड - जम्मू कश्मीर / नवीन पाल 10

बांग्लादेश में जारी हिंदुओं की हत्यायों पर गुस्साए शिव सैनिकों ने बांग्लादेश पर जोरदार सैन्य प्रहार कर अपने अधीन करने व पाकिस्तान की गुस्ताखियों पर कड़ा सबक सिखाने के साथ जनरल आसिम मुनीर को बंदी बनाने की मांग की है।पार्टी प्रदेश प्रमुख मनीश साहनी के नेतृत्व में एकत्रित शिव सैनिकों ने 'पहले बांग्लादेश फिर पीओके' , ' इस्लामिक नहीं- आतंकी नाटो के गठन की फिराक में पाकिस्तान', 'आतंकिस्तान को सबक सिखाओ, मुनीर को बंदी बनाओ' लिखे प्लेकार्ड पकड जोरदार प्रदर्शन किया तथा पाकिस्तान व बांग्लादेश का झंडा फूंका।प्रदेश प्रमुख मनीश साहनी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं की बेरहमी से हत्या का सिलसिला जारी है। 17 जनवरी को भी दो हिंदुओं की बेरहमी से हत्या कर दी गई, पिछले 45 दिनों में 17 हिन्दुओं की हत्या हो चुकी है। साहनी ने कहा कि 1971 में भारत ने बांग्लादेश को आजादी दिलाई थी। आज बांग्लादेश , पाकिस्तान के ईशारो पर नाच भारत के खिलाफ साजिशें रच रहा है । वहां राजनीतिक अस्थिरता का दौर भी जारी है। इससे पहले कि बांग्लादेश पर पाकिस्तान अपना कब्जा जमाए, प्रधानमंत्री मोदी हमारी सेनाओं को बांग्लादेश को अपने कब्जे में लेने के निर्देश जारी करे। इसके साथ ही पाकिस्तान को भी आडे हाथों लेते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मुंह की खाने के बाद भी पाकिस्तान नहीं सुधरा है। पिछले कुछ दिनों में लगातार ड्रोन घुसपैठ हो रही है। जनवरी माह में ड्रोन घुसपैठ की 7 से अधिक घटनाएं हो चुकी है । भारत-पाकिस्तान सीमा के करीब बड़ी मात्रा में हथियारों की बरामदगी हो रही है ।जम्मू के किश्तवाड़ जिले के जंगलों में रविवार दोपहर से सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है, जिसमें 8 भारतीय जवान घायल हो चुके हैं। जम्मू क्षेत्र में यह इस साल आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ की तीसरी घटना है ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तबाह हुए आतंकी ठिकानों को फिर से एक्टिवेट किया जा रहा है। सीधे युद्ध में लगातार हार का मुह देखने वाला पाकिस्तान अब 'इस्लामिक नाटो' की आड़ लेकर अपनी नापाक व कायराना हरकतों को जारी रखना चाहता है। साहनी ने कहा कि उक्त तमाम नापाक हरकतों के तार पाकिस्तान के फील्ड मार्शल जनरल मुल्ला आसिम मुनीर से जुड़े हैं। केंद्र की मोदी सरकार हमारी सेनाओं को पाकिस्तान में छुपे बैठे आतंकियों के आकाओं को जहन्नुम पहुचाने , ठिकानों तबाह करने के







साथ पाकिस्तान के फील्ड मार्शल, जनरल आसिम मुनीर को बंदी बनाकर भारत लाने के निर्देश जारी । इसके साथ ही बांग्लादेश को अपने कब्जे में लिया जाए! इस मौके पर विकास बख्शी, बलवंत सिंह, राज सिंह, आदित्य महाजन, जसबीर सिंह, रघुबीर कुमार, शान गोसवामी , राकेश कुमार, शमशेर लाल, विनय, रितक काका, रवि कुमार, पुरषोत्तम, सननी अशोक कुमार, राज कुमार, अभिषेक बलजीत सिह, हैप्पी सिंह, सुभाष देवराज, गजिनदर, कालू कुमार रिषु गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# सर्दी से राहत दिलाने को कैलाश पंत ने लगाए शिविर, जरूरतमंदों को बांटी रजाई- कंबल

जागो वर्ल्ड - रानीखेत / गोविन्द रावत



भीषण ठंड से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत दिलाने के उद्देश्य से उत्तराखंड राज्य सलाहकार श्रम संविदा बोर्ड के अध्यक्ष दर्जा राज्यमंत्री कैलाश पंत ने रानीखेत विधानसभा क्षेत्र में राहत शिविर आयोजित कर जरूरतमंदों को रजाई एवं कंबल वितरित किए।अभियान की शुरुआत मिशन इंटर कॉलेज से की गई, जहां 45 निर्धन परिवारों को रजाइयां और कंबल वितरित किए गए। इसके पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में आयोजित शिविर में 22 आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को गर्म लिहाफ प्रदान किए गए। इस दौरान बच्चों की मांग पर कुछ बच्चों को क्रिकेट किट भी भेंट की गई।कैलाश पंत ने कहा कि असहनीय ठंड में किसी भी गरीब परिवार को कष्ट न झेलना पड़े, यही इस निस्वार्थ सेवा अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि समाज के हर सक्षम व्यक्ति को जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। कैलाश पंत ने बताया कि स्थानीय श्रमिक वर्ग और निर्धन परिवारों को ठंड में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए क्षेत्रवार शिविर लगाकर यह जनसेवा अभियान चलाया जा रहा है, जो सर्दी समाप्त होने तक निरंतर जारी रहेगा। वहीं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री विमला रावत ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और जरूरतमंदों को संबल प्रदान करते हैं। शिविर में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश पंत, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री विमला रावत, मिशन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हेमंत अग्रवाल, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या उमा रावत, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीप भगत, जिला महामंत्री सुनीता डाबर, महेश उप्रेती, पूर्व भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश बिष्ट, रेखा आर्या, अनु सोनकर, मीना वर्मा, देवेश खुल्बे, संदीप खुल्वे, सोनम आर्या, शीला मेहता, लोकेश कुमार सहित अनेक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# माँ पाषण देवी मैया का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। 21 जनवरी को होगा विशाल भंडारा। जगदीश भट्ट


जागो वर्ल्ड - नैनीताल / ललित जोशी



नैनीताल सरोवर नगरी नैनीताल में माँ पाषण देवी मंदिर जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है जिसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है । इस दौरान मंदिर को विधुत लड़ियों से सजाया गया है । मंदिर के मुख्य पुजारी जगदीश भट्ट ने बताया माँ पाषण देवी मैया का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है जिसमें सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान किये जायेंगे। साथ ही अखंड रमायण पाठका आयोजन किया जायेगा। उसके बाद 21 जनवरी को अखंड रमायण पाठ का परायण किया जायेगा ।ततपश्चात दोपहर यज्ञ पूजा अर्चना कर कन्या देवी भोग लगाने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने सभी क्षेत्र वासियों व मैया के भक्तों से निवेदन किया है अधिक से अधिक संख्या में आकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें। यहाँ बता दें पाषण देवी मंदिर जो कि पत्थरों में खुदाई कर बनी हुई है । पूर्व मुख्यमंत्री बी सी खंडूरी का व उनके परिवार का इस मंदिर से बहुत लगाव है। जब भी खंडूरी परिवार के सदस्य नैनीताल सरोवर नगरी आते हैं तो माँ पाषण देवी मैया के दर्शन जरूर करते हैं अभी कुछ समय पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री श्री खंडूरी की पुत्री विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी अपने परिवार के साथ नैनीताल पहुँची तो माँ पाषण देवी मैया के दर्शन करने जरूर पहुँची होने के लिए तो जो भी मुख्यमंत्री हो या अन्य मंत्री हो जरूर दर्शन करने पहुँचता ही है। यहाँ बता दें 21 जनवरी को बाबा नीम करौली महाराज का भी स्थापना दिवस अवसर पर मालपुआ का प्रसाद वितरित किया जायेगा। 21 जनवरी को ही बाबा नीम करौली महाराज की मूर्ति की स्थापना की गई थी। इस अवसर पर माँ के भक्तों ने तैयारियां शुरू कर दी है।

# सकोह में बंद घर को बनाया निशाना, चोरों ने लाखों के गहने व नकदी उड़ाई, पुलिस जांच में जुटी

जागो वर्ल्ड - ज्वाली / राजेश कतनौरिया








पुलिस थाना रैहन के अंतर्गत आते क्षेत्र सकोह में एक घर से चोरों ने लाखों की चोरी को अंजाम दिया है।घर के मालिक विनोद कुमार ने बताया कि सकोह गांव में बने घर में उनकी बुजुर्ग माता कृष्णा देवी रहती हैं। जबकि वो शेष परिवार के साथ लुधियाना में निवास करते हैं विनोद कुमार के अनुसार उनका अक्सर घर में आना जाना चला रहता है।इस दौरान माता कृष्णा देवी का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने की वजह से वो उन्हें 4 जनवरी को अपने साथ लुधियाना ले गए। और घर में ताले लगा दिए।विनोद कुमार ने बताया कि इस बीच उनका बेटा सौरभ कालिया 16 जनवरी को लुधियाना से सकोह के लिए आया।दोपहर दो बजे उसने जैसे ही उसने जालीदार दरवाजे का ताला खोला।तो देखा मेन दरवाजे का लगा ताला तो यथावत था।परन्तु कुंडी उखड़ी हुई थी।ऐसे में जैसे ही सौरभ ने घर के अंदर प्रवेश किया।तो घर का सारा सामान इधर उधर बिखरा हुआ था। इस बीच उसने पास रहते अपने अन्य रिश्तेदारों को अवगत करवाया। वहीं उन्हें भी उक्त वारदात की सूचना दी। विनोद कुमार ने बताया कि जब वो 17 जनवरी को सकोह स्थित घर में पहुंचे ।तो उन्हें 9 जनवरी को चाची कुसुम ने बताया था कि गांव में दो घरों में चोरी की असफल कोशिश हुई है।उनके घर में सब ठीक है।इस बीच उनकी चाची ने 9 जनवरी को ही सुबह जालीदार दरवाजे के अंदर लगे दूसरे दरवाजे को कुंडी सहित ताले को हल्की नजर से ही देखा। जिससे महसूस हुआ कि ताला लगा हुआ है।और विश्वास कर हो गया कि चोरी नहीं हुई है। और उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से जालीदार दरवाजे को भी ताला लगा दिया।विनोद कुमार के अनुसार चोरी 8 जनवरी को ही हुई है।विनोद कुमार के अनुसार चोरों ने उनके घर से एक सोने की अंगूठी, एक टॉप्स सोने जोड़ी, लगभग डेढ़ किलो चांदी के गहने, एक बड़ी ब्रास की घंटी और लगभग 5 0 हजार की नगदी उड़ाई हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस रिपोर्ट के बाद रविवार सुबह पता चला कि एक अटैची भी गायब था। उन्होंने बताया कि इस विषय में उन्होंने पुलिस थाना रैहन में प्राथमिकी दर्ज करवा दी है। एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने बताया कि इस विषय में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस वारदात की छानबीन में जुट गई है। सीसीटीवी फूटेज को खंगाला जा रहा है।

# राजा तालाब क्षेत्र में गौ तस्करी का मामला आया सामने

जागो वर्ल्ड - ज्वाली कांगड़ा / दौलत चौहान



ज्वाली उपमंडल के अंतर्गत राजा तालाब क्षेत्र में गौ तस्करी का एक मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही सतर्क युवाओं ने मामले की जानकारी पुलिस प्रशासन को दी।मौके पर पहुंचे युवाओं ने संबंधित लोगों से गौ परिवहन से जुड़े दस्तावेज़ों को लेकर पूछताछ की, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया। बातचीत और जांच के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सहानुभूतिपूर्ण रुख देखने को मिला।इस मौके पर भविष्य में पंचायत प्रधान व स्थानीय प्रतिनिधि गौ परिवहन की अनुमति देते समय केवल हस्ताक्षर तक सीमित न रहें, बल्कि यह सुनिश्चित करें कि गायों पर सरकारी टैग लगा हो, परिवहन का उद्देश्य स्पष्ट व वैध हो और सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी हों। बिना पूर्ण जांच के गौ परिवहन की अनुमति नहीं दी जाएगी।युवाओं ने प्रशासन से गौ माता की सुरक्षा को लेकर सख्ती बरतने की मांग की है। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी कानून के तहत आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# श्रीनगर गढ़वाल में UKD का शक्ति प्रदर्शन: 200 से अधिक मातृ शक्ति ने थामा दामन, 2027 में बदलाव की लहर तेज

जागो वर्ल्ड - श्रीनगर गढ़वाल / भगवान सिंह












श्रीनगर गढ़वाल में UKD का संगठन विस्तार के साथ साथ जोरदार सदस्यता अभियान 200 से अधिक मातृ शक्ति जुडी UKD से लगातार ukd से जुड़ता युवा और मातृ शक्ति 2027 में बदलाव की लहर बनती जा रहीते कई वर्षो से अपनी पहचान खो चुकी UKD एक बार फिर जनता की जुबां पर वापस लौट रही है इसका मुख्य श्रेय यदि किसी को जाता है तो वो है पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह कथैत क्योंकि उनकी अध्यक्षता में ही ukd को दो चेहरे मिले आशुतोष नेगी और आशीष नेगी जिनके आने के बाद UKD की फिर से लहर चलते देखी जा रही है ये भी सत्य है कि UKD ही राज्य की जननी है लेकिन हमारी सरकारों ने उत्तराखंड राज्य का वो संघर्ष का इतिहास छिपा दिया है जिनको पता थी वोकहते थे UkD केवल देहरादून तक सिमिति है पहाड़ो में जिले से गायब हो चुकी थी UKD बीते समय से लगातार सोशल मीडिया के साथ साथ पहाड़ के अन्य मुद्दों पर एक ही क्रन्तिकारी शांति भट्ट आक्रोषित रहता था लेकिन ज़ब उन्हें भी आशुतोष और आशीष और मेजर संतोष भंडारी का साथ मिला तो शांति भट्ट की इनर्जी डबल हो गई जिसका परिणाम है कि आज पहाड़ के युवा और मातृ शक्ति भी लगातार UKD से जुड़ती जा रही है और अब तो लगातार क्रांतिकारी युवा सीधे ukd से जुड़ता जा रहा हैवर्तमान अध्यक्ष भी यहां करारे और लगातार युवाओं में जोश जगाने में लगे है आज श्रीनगर में सदस्यता अभियान में 200 के करीब महिलाओं द्वारा सदस्यता ग्रहण की गई जिसमें मेजर संतोष भंडारी जी द्वारा सरस्वती नेगी को गढ़वाल मंडल प्रभारी महिला प्रकोष्ठ बनाया गया, नीरजा खुगसाल को केंद्रीय महामंत्री महिला प्रकोष्ठ, पूनम कुमारी को केंद्रीय संघठन मंत्री, संतोष डोभाल जी को पौड़ी जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, वंदना भट्ट जी को रुद्रप्रयाग जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी दी गई!

# वन क्षेत्राधिकारी रानीखेत ने ग्रामीणों को किया मानव–वन्यजीव संघर्ष के प्रति जागरूक

जागो वर्ल्ड - रानीखेत / गोविन्द रावत









अल्मोड़ा जिले के पर्यटन नगरी रानीखेत विघानसभा के अंतर्गत अल्मोड़ा वन प्रभाग की रानीखेत रेंज में वन क्षेत्राधिकारी तापस मिश्रा द्वारा ग्रामीणों को मानव वन्यजीव संघर्ष के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान मोहान रेंज के विभिन्न अनुभागों में अनुभाग अधिकारियों के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। वन क्षेत्राधिकारी ने ग्रामीणों को गुलदार, भालू सहित अन्य जंगली जानवरों की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी और ऐसे जानवर दिखने पर तुरंत वन विभाग से संपर्क करने की अपील की। उन्होंने मानव–वन्यजीव संघर्ष से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी साक्षा की। ग्रामीणों को घरों के आसपास पर्याप्त रोशनी रखने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे जंगली जानवरों की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकें। साथ ही घरों के पास उगी घनी झाड़ियों को साफ करने की सलाह दी गई, ताकि जंगली जानवरों के छिपने की संभावनाएं कम हों। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र- छात्राओं एवं जंगल जाने वाली महिलाओं को समूह में जाने की सलाह दी गई। रात्रि के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की हिदायत भी दी गई। इसके अलावा पालतू मवेशियों को खुले में न छोड़कर सुरक्षित गौशालाओं में बांधने तथा गौशालाओं के दरवाजों व खिड़कियों को मजबूत रखने के निर्देश दिए गए ।उन्होने कहावन विभाग द्वारा चलाए गए इस जागरूकता अभियान को ग्रामीणों ने सराहा और सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया।

# विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चनोग के पोआबो से लगभग 3.50 करोड़ के विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास

जागो वर्ल्ड -शिमला/टीना ठाकुर



प्रदेश सरकार में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चनोग के पोआबो से लगभग 3.50 करोड़ के विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर गांव को सड़क सुविधा से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह पंचायत शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की अंतिम पंचायत है इसलिए इस पंचायत को विकास की दृष्टि से प्राथमिकता देना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि इलाके के लोगों की काफी पुरानी मांग को पूरा करते हुए इन तीन महत्वपूर्ण सड़कों को चौड़ा एवं पक्का किया जा रहा है जिसमें संपर्क सड़क कफ़लेड को चौड़ा व पक्का करने पर 89 लाख रुपए, संपर्क सड़क पोआबो से सुजाना को चौड़ा व पक्का करने के लिए 86 लाख रुपए तथा संपर्क सड़क शाल से चनोग को पक्का व चौड़ा करने के लिए 90 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज किए उद्घाटनों में रेस्ट हाउस पोआबो के निर्माण पर 39 लाख रुपए, प्राथमिक पाठशाला चनोग के दो अतिरिक्त कमरों के निर्माण पर 8 लाख रूपये, खेल मैदान कफ़्लेड के निर्माण पर 3 लाख रुपए, खेल मैदान सुजाना पर 5 लाख रुपए तथा खेल मैदान बरोग के निर्माण पर 19 लाख रुपए खर्च किए गए है। उन्होंने समस्त ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को पूरे प्रदेश सहित शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के लिए भुलाया नहीं जा सकता। उन्हीं से प्रेरणा लेकर इस इलाके के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जुब्बड़हट्टी तथा आसपास का क्षेत्र नगदी फसलों के लिए जाना जाता है। यहां के किसान- बागवान प्राकृतिक खेती करके अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ कर रहे है। उन्होने किसानों बागवानों से आग्रह किया कि यदि इस दिशा में और अधिक सुधार लाने की आवश्यकता है या किसी प्रकार की कोई कमी है तो वह अपने सुझाव दे सकते है आपकी शंकाओं को मद्देनजर रखते हुए सुधार किया जाएगा।पोआबो रेस्ट हाउस को ईको टूरिज्म के तहत लाने के किए जायेंगे प्रयास उन्होंने कहा कि पोआबो में नए निर्मित किए गए रेस्ट हाउस को ईको टूरिज्म के तहत लाने के प्रयास उन्होंने कहा कि 6 करोड़ 10 लाख रुपए की राशि चनोग पंचायत के विकास के लिए अब तक खर्च की जा चुकी है और लगभग 2 करोड़ रुपए के निर्माण कार्य जारी है।

# कसुम्पटी में नई तहसील बनाने का प्रस्ताव प्रदेश सरकार को जिला प्रशासन शिमला ने भेजा

जागो वर्ल्ड -शिमला/टीना ठाकुर



कसुम्पटी में नई तहसील बनाने का प्रस्ताव प्रदेश सरकार को जिला प्रशासन शिमला ने भेज दिया है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त शिमला अनुपम कश्य ने बताया कि कसुम्पटी में नई तहसील बनाना आवश्यक है। इस दिशा में प्रदेश सरकार को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है। वर्तमान में शिमला ग्रामीण के तहत यह क्षेत्र कवर किया जाता है। इसके तहत मौजूदा पटवार सर्कल के अलावा चार नए पटवार सर्कल बनाए जाएंगे और दो फील्ड कानूनगो सर्किल होंगे।उपायुक्त ने कहा कि शिमला ग्रामीण के तहत अभी 32 पटवार सर्किल हैं और इनके तहत काफी भौगोलिक क्षेत्र है। तीन विधानसभा क्षेत्र कसुम्पटी, शिमला ग्रामीण और शिमला शहरी का काफी हिस्सा आता है। ऐसे में शिमला शहर के आसपास भारी जनसंख्या, राजस्व मामलों की बढ़ती संख्या, कोर्ट मामले, फील्ड वेरिफिकेशन आदि के कारण काफी दिक्कतें पेश आती है। अनुपम कश्यप ने कहा कि नए प्रस्ताव के अनुसार 17 पटवार सर्कल और 4 फील्ड कानूनगो सर्किल होंगे। इसके तहत कुल 17,0 32.29 हेक्टेयर भूमि होगी और 86983 कुल खसरा नंबर होंगे। तथा 12,080 खतौनी नंबर होंगे। इसके साथ ही इस तहसील के तहत 91924 जनसंख्या को कवर किया जाएगा।

# एक्ट 1985, एससी एसटी एक्ट 1989 और पॉक्सो एक्ट 2012 एक दिवसीय विशेष कार्यशाला होटल होलीडे होम में आयोजित

जागो वर्ल्ड - शिमला/ टीना ठाकुर




जिला प्रशासन शिमला द्वारा एनडीपीएस एक्ट 1985, एससी एसटी एक्ट 1989 और पॉक्सो एक्ट 2012 को लेकर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला आज होटल होलीडे होम में आयोजित की गई। पहली बार जिला में इस तरह की समावेशी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस महामंथन में चिट्टा तस्करों को सजा दिलवाने के लिए विशेष रणनीति की विस्तृत चर्चा की गई। इस महामंथन में जिला के सभी एसडीएम, डीएसपी, जिला न्यायवादी, अभियोजन अधिकारी, सहायक न्यायवादी, स्वास्थ्य विभाग और जिला के सभी एसएचओ मौजूद रहे। प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश को चिट्टा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। ऐसे में नशा तस्करों को सजा कम से कम समय दिलवाने की दिशा में प्रभावी तरीके से कार्य किया जा रहा है।उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीपीएस एक्ट 1985, एससी एसटी एक्ट 1989 और पॉक्सो एक्ट 2012 के तहत दर्ज मामलों में लोगों को इंसाफ दिलवाने के लिए सभी हितधारकों को कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि है। ऐसे में देवी- देवताओं की धरती पर अगर लोगों को इंसाफ दिलवाने में हम सफल नहीं हो पा रहे हैं तो हमें अपनी कार्यप्रणाली में काफी सुधार करने की आवश्यकता है। हमने स्वयं अपनी जॉब का चयन किया है। अगर फिर भी हम कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन नहीं कर रहे है तो फिर समाज को न्याय दिलवाने में हम काफी पीछे रह रहे में जब पहुंचते है तो दोषसिद्धि हो ही नहीं पाती है। पीड़ित लोगों को न्याय मिल नहीं पाता है। ऐसे में लोगों का प्रशासन और न्याय के प्रति दृष्टिकोण काफी बदल जाता है। लेकिन जिस पीड़ित के साथ घटना घटी होती है अगर उसे न्याय मिल जाए तो उसके चेहरे पर जो मुस्कान आती है वो हमारे लिए प्रेरणादायक होती है। उन्होंने कहा कि जब मामलों में दोषमुक्ति दर अधिक होगी तो लोगों में डर होगा ही नहीं और वह अधिक से अधिक अपराध करने की दिशा में बढ़ते रहते है। ऐसे लोग बार- बार अपराध करते है। इसलिए लोगों को कानून का डर होना जरूरी है ताकि उनको ध्यान रहे कि गलत करेंगे तो सजा कोर्ट से मिलेगी।उन्होंने कहा कि पुलिस मामलों की जांच में फाउंडेशन को मजबूत करना चाहिए तभी तो कोर्ट में केस टिकेगा और आरोपी के खिलाफ आरोप सिद्ध हो पाएंगे। इस तरह की कार्यशाला का उद्देश्य केवल लोगों को इंसाफ दिलवाने के जिन एजेंसियों की जिम्मेदारी है, उन सभी सभी को एकजुट होकर सही दिशा में कार्य कर सके। इस दौरान पुलिस, स्वास्थ्य, कानून विभाग और सामाजिक अधिकारिता विभाग की फील्ड चुनौतियों को लेकर विस्तृत चर्चा इसमें की गई। सभी विभाग एकजुट होकर भविष्य के लिए रणनीति बनाएंगे ताकि लोगों को न्याय मिल सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने कहा कि जिला में एनडीपीएस एक्ट 1985, एससी एसटी एक्ट 1989 और पॉक्सो एक्ट 2012 के तहत मामले दर्ज होते है लेकिन कोर्ट में जब यह मामले ट्रायल के लिए पहुंचते है तो अधिकांश मामलों में दोषमुक्ति की दर काफी ज्यादा होती है। इसलिए पुलिस विभाग व अन्य हितधारकों के लिए यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पिछले 27 वर्ष पुलिस विभाग में कार्य करते हुए जितना अनुभव किया है उसके मुताबिक मामलों की जांच के समय ज्यादा सोचने का समय नहीं होता है। बल्कि हमें तुरंत कार्रवाई और जांच को पूर्ण करना होता अधिकारी किसी ी मामले में पहले से निर्णय घोषित करके मामले की जांच को बढ़ाने की दिशा में न बढ़े।

# मनाली फोर लेन पर थापना मैं डेड बॉडी सड़क पर रख कर चक्का जाम किया




जागो वर्ल्ड -बिलासपुर/ सुभाष चन्देल

जिला बिलासपुर के बाग़छाल में टिप्पर चालक मौत मामले पर गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने चंडीगढ़ मनाली फोर लेन पर थापना मैं डेड बॉडी सड़क पर रख कर चक्का जाम किया और जमकर कम्पनी के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया बही पर ताजा समाचार के मुताबिक अब परिजनों और कंपनी में क्लेम को लेकर सहमति बन गई हैं प्रशासन की तरफ से बल भी तैनात थी प्रशासनिक अमला प्रदर्शन कारियों को समझने का प्रयास किया जिसमें प्रशासन सफल हुआ है एस डी एम स्वारघाट धर्मपाल ने बताया कि प्रशासन ने पुलिस की मदद के साथ मौके पर जाकर मामले को समझने का प्रयास किया और कंपनी के साथ परिजनों की बातचीत के बाद समझौता हुआ हैं ओर परिजन इस बात पर अड़े थे की कंपनियों ने लिखित रूप में दे जिस कंपनी ने मान लिया है और इसके अलावा परिजनों की यह भी मांग थी

# जनवरी को बर्फबारी और बारिश से मिलेगी सूखे से राहत

जागो वर्ल्ड - शिमला/ टीना ठाकुर



हिमाचल प्रदेश में लंबे समय से जारी शुष्क मौसम का दौर अब समाप्त होने वाला है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 19 जनवरी की रात से मौसम में बदलाव शुरू होगा, जबकि 22 और 23 जनवरी को प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और मध्य व निचले इलाकों में बारिश की संभावना है। इससे राज्य में बनी सूखे जैसी स्थिति से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के कई इलाकों में कड़ाके की ठंड दर्ज की गई। ताबो बिलासपुर, सोलन और ऊना में भी तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 22 जनवरी को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हो सकती है। 23 जनवरी को बारिश और बर्फबारी का दायरा और बढ़ने की संभावना है। लाहौल-स्पीति से पहले न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है, फिलहाल मौसम विभाग ने किसी तरह की चेतावनी जारी नहीं की है, लेकिन ऊंचाई वाले क्षेत्रों में यात्रा करने वाले लोगों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है।

# हनुमानी बाग स्थित महादेव गौ सदन संस्था के नवनिर्मित भवन का विधिवत उद्घाटन



जागो वर्ल्ड -कुल्लू / प्रिया शर्मा

नगर परिषद कुल्लू के वार्ड नंबर 9 हनुमानी बाग स्थित महादेव गौ सदन संस्था के नवनिर्मित भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।उद्घाटन समारोह के दौरान अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने कहा किगौशालाओं को अक्सर चाहिए, ताकि बेसहारा गौवंश की बेहतर देखभाल सुनिश्चित की जा सके।उन्होंने महादेव गौ सदन को संचालित करने वाले पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा किजिस समर्पण और मेहनत से गौ सदन का संचालन किया जा रहा है, इस अवसर पर महादेव गौ सदन के प्रधान नवनीत सूद, सचिन सूद सहित गौ सदन के कार्यकारिणी सदस्य एवं संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक कामेश्वर शर्मा द्वारा निधि एंटरप्राइजेज, टुटू, शिमला 171011 से प्रकाशित तथा दुर्गा पेपर कन्वर्टर्ज़ तारादेवी से मुद्रित। दैनिक जागो वर्ल्ड से संबंधित सभी मामलों का निपटारा न्यायिक अधिकार क्षेत्र शिमला में ही होगा। फोन नंबर 9857388888 ,01772800002, पोस्ट बॉक्स नंबर 123 दी मॉल शिमला 17001,email -jagohimachalpradesh@gamil.com,kameshwarshimla@gmail.com

# केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला में पांच दिवसीय छात्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



जागो वर्ल्ड शिमला/ टीना ठाकुर

केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर -सीपीआर आई), शिमला में आज " आलू की वैज्ञानिक खेती" विषय पर पांच दिवसीय छात्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 19 से 23 जनवरी, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य छात्रों को आधुनिक आलू उत्पादन तकनीकों की व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज, यूपी के पच्चीस स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र की शुरुआत डॉ. आलोक कुमार, प्रमुख, सामाजिक विज्ञान प्रभाग द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ हुई। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर आलू उत्पादन की उत्पादकता, लाभप्रदता और स्थिरता में उल्लेखनीय सुधार किया जा सकता है। उन्होंने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अनुसंधान और खेत स्तर के अनुप्रयोग के बीच सेतु बताया।मुख्य अतिथि, डॉ. बृजेश सिंह, निदेशक, ICAR-CPRI, शिमला ने उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने भारत में एक प्रमुख खाद्य और नकदी फसल के रूप में आलू के महत्व को रेखांकित किया और जलवायु परिवर्तन, कीटों, बीमारियों और बाजार प्रतिस्पर्धा जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए उन्नत तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. सिंह ने छात्रों को प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेने और केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में उपलब्ध वैज्ञानिक ज्ञान और संस्थागत विशेषज्ञता का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में वैज्ञानिक आलू की खेती के विभिन्न पहलुओं को शामिल द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके समर्थन और सहयोग के लिए गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस सत्र में डॉ. प्यनबियांगलांग, डॉ जगदेव शर्मा, डॉ सोम दत्त, डॉ विनय सागर, डॉ तनुजा, डॉ हेमंत, डॉ अविनाश, डॉ अनिल चौधरी, डॉ योगेश और डॉ कैलाश नागा ने भाग लिया ।

# डीसी से लगाई गुहार, बीपीएल सूची में दोबारा शामिल करने की मांग



जागो वर्ल्ड - चंबा/ काकू खान

मंगली पंचायत के लोगों ने डीसी से लगाई गुहार, बीपीएल सूची में दोबारा शामिल करने की मांग विधानसभा क्षेत्र चुराह की मंगली पंचायत का एक प्रतिनिधिमंडल आज उपायुक्त ( डीसी) महोदय से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को अवगत करवाया कि पंचायत के कई गरीब परिवार विभिन्न कारणों से बीपीएल सूची से बाहर हो गए हैं, जिससे उन्हें सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि उनकी आर्थिक स्थिति आज भी बेहद कमजोर है और बीपीएल सूची से नाम हटने के बाद उन्हें राशन, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य सुविधाओं में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि पात्र परिवारों की दोबारा जांच कर उन्हें बीपीएल सूची में शामिल किया जाए।डीसी महोदय ने प्रतिनिधिमंडल की बात को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि मामले की जांच संबंधित विभाग के माध्यम से करवाई जाएगी पात्र पाए जाने वाले परिवारों को नियमानुसार राहत प्रदान की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई है ताकि जरूरत मंद परिवारों को दोबारा सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

# उप-डाकघर को बंद करने के विरोध में आज सैकड़ों की संख्या में लोगों ने विरोध जताया तथा मंडी पठानकोट नेशनल हाईवे भी जाम



जागो वर्ल्ड - मंडी / सचिन शर्मा

जोगिंदरनगर के शानन में उप- डाकघर को बंद करने के विरोध में आज सैकड़ों की संख्या में लोगों ने विरोध जताया तथा मंडी पठानकोट नेशनल हाईवे भी जाम किया वहीं, इस निर्णय को जनविरोधी बताते हुए इस फैसले को अविलंब स्थगित करने की मांग की है। लोगों की या मांग है कि, शानन उप- डाकघर से जुड़े अधिकांश खाताधारी गरीब, बेरोजगार एवं अशिक्षित वर्ग के हैं, जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं की है।डाकघर के बंद होने की स्थिति में इन खाताधारियों को रोजमर्रा के वित्तीय लेन- देन और सरकारी योजनाओं से जुड़ी सेवाओं के लिए गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा है कि, डाकघर केंद्र सरकार की वह महत्वपूर्ण सेवा है, जिसका उद्देश्य आम जनता को उनके नजदीक सुरक्षित और सुलभ वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराना है। ऐसे में इस उप- डाकघर को दूरस्थ इलाके में स्थानांतरित करना लोगों की सुविधा के विपरीत है। विशेषकर महिलाओं के लिए यह कदम परेशानी और असुरक्षा का कारण बन सकता है। उन्होंने आग्रह किया है कि, जनहित को ध्यान में रखते हुए इस निर्णय को तत्काल स्थगित किया जाए

# नवयुवक मंडल क्यारी -गुंडाह की आम बैठक आयोजित पैदल मार्च पर हुई विस्तृत चर्चा



जागो वर्ल्डसिरमौर/ जीडी शर्मा

प्रदेश में युवा वर्ग में बढ़ता नशे का चलन अब विकराल समस्या बनता जा रहा है और इस समस्या के समाधान हेतु सिरमौर के युवाओं ने इससे से बचाव को लेकर एक अनूठी पहल करने का फैसला लिया है। नवयुवक मंडल 22 जनवरी 2026 को सुबह 9 बजे क्यारी गुंडाहा से पैदल यात्रा आरम्भ करेगा जोकि पैदल मार्च होगा और जगह जगह रुकता हुआ 26 जनवरी को नाहन पहुंचेगा। नवयुवक मंडल क्यारी - गुंडाहा के पदाधिकारियों ने बताया कि हर दिन इसमें हम लगभग 30 किलोमीटर पैदल यात्रा करेंगे। ओर यह कुल यात्रा 121 किलोमीटर पैदल रहने वाली है। युवक मंडल क्यारी - गुंडाहा सभी वर्ग, महिलाओं,युवाओं, सभी संगठनों, बुद्धिजीवियों से आग्रह करते हैं कि इस मार्ग पर क्यारी - गुंडाहा से नहान जहां भी इन दिनों आपको समय लगे तो आप इस यात्रा का हिस्सा बन समाज को जागरूक करने का कार्य करे। युवकों ने बताया कि नशा खास कर सिंथेटिक नशा चिट्ठा और कैमिकल नशा अपनी जड़े शहरों से गांव की ओर बढ़ा राह है, जिसे रोकना जरूरी हैइस मुहीम से जुड़े समाजसेवी हेमराज राणा ने भी लोगो से अपील की हैकि वो लोग युवाओं की इस पहल से जुड़ें और समाज की इस तेजी से फेल रही बुराई को समाप्त करने में सहयोग दें


# विक्रमादित्य के समर्थन में हुए खड़े ,सेकड़ो कार्यकर्ता लेकर पहुचे होलीलोज,समर्थन में की नारेबाजी




जागो वर्ल्ड- शिमला/ टीना ठाकुर

राज्य लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह के उत्तर प्रदेश व बिहार से संबंध अधिकारियों रखने वाले अधिकारियों को लेकर की टिप्पणी के बाद सियासत पूरी तरह से गरमा गई है।विक्रमादित्य सिंह के बयान को मंत्री सही नही बता रहे है वही अब एक फिर से यदुपति ठाकुर विक्रमादित्य में समर्थन में उतर आए है यदुपति ठाकुर वीरभद्र सिंह के साथ भी लंबे समय तक चट्टान की तरह खड़े रहे और अब विक्रमादित्य सिंह की ढाल बन कर साथ चल रहे है । सोमवार को युवा कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष यदुपति ठाकुर की अध्यक्षता में प्रदेश से युवा विक्रमादित्य के आवास हाली लाज पहुंचे। युवाओं ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह अकेले नहीं है बल्कि पूरा प्रदेश उनके साथ खड़ा है। युवाओं ने विक्रमादित्य के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान यदुपति ठाकुर ने कहा कि वे हमेशा से होलीलोज के साथ रहे है और आगे भी रहेगे।होलीलोज पहली बार नही आए है यहां आते रहते है लेकिन जिस तरह से सोशल मीडिया पर बयानबाजी हो रही है कि विक्रमादित्य सिंह अकेले पड़ गए है और उसके साथ कोई नही है लेकिन हम ये बताने आये है कि विक्रमादित्य अकेले नही है वही लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हमारे लिए प्रदेश के हित सर्वश्रेष्ठ है और जो रास्ता स्वर्गीय पिता श्री वीरभद्र सिंह ने दिखया है। उन्हें वो रास्ता इंदिरा गांधी ने दिखाया था।इंदिरा गांधी ने 1983 में हिमाचल की कमान सौंपी थी ओर इंदिरा गांधी की सोच को हिमाचल में वीरभद्र ने आगे ले जाने का काम किया ।उन्होंने कहा कि आम जनता की आवाज को उठाना ओर जो जिमेवारी उन्हें दी गई है उसे निभाने का काम कर रहे है।वही उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा अपने विभाग में काम करने के बयान पर कहा कि में मुख्यमंत्री का दिल से सम्मान करता हु। ओर जो उन्हें विभाग दिया गया है उसमें काम करने का प्रयास कर रहा हु। प्रदेश की जनता जानती है कि अपने विभाग में कितना बजट लाने में कामयाब हुए हैं ओर प्रयास कर रहे है।

# बैठक में पंचायत चुनावों को लेकर हाईकोर्ट के हालिया आदेशों पर विस्तार से चर्चा




जागो वर्ल्ड - शिमला/ टीना ठाकुर

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज होने वाली हिमाचल प्रदेश कैबिनेट बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में पंचायत चुनावों को लेकर हाईकोर्ट के हालिया आदेशों पर विस्तार से चर्चा होगी। हाईकोर्ट ने पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव 30 अप्रैल से पहले कराने के निर्देश दिए हैं, ऐसे में कैबिनेट इस आदेश के कानूनी और प्रशासनिक पहलुओं पर विचार कर यह तय करेगी कि चुनाव कराए जाएं या सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की जाए। वहीं, कैबिनेट राज्य के चयनित सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने को लेकर दिशा- निर्देशों को अंतिम रूप दे सकती है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रस्तावित 125 सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने, शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया खाली पदों को भरने, मंत्री विक्रमादित्य सिंह के अफसरशाही से जुड़े हालिया बयानों, नए शहर हिम चंडीगढ़ की योजना और बजट घोषणाओं को जल्द पूरा करने जैसे मुद्दों पर भी बैठक में मंथन होने की संभावना है।